तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 5 जनवरी 2026

12 एकता और शिक्षा की ताकत से ही समाज ...


12 1992 बीएससी पासआउट बैच का हैदराबाद में हुआ...




## खबर संक्षेप

### बेवर्ती व दसपुर में मनाया छेरछेरा पर्व



**दसपुर।** बेवर्ती, दसपुर व सरंगपाल में बड़े ही धूमधाम से छत्तीसगढ़ का महापर्व छेरछेरा मनाया गया। बच्चे और महिलाएं 2 जनवरी के शाम से ही छेरछेरा मांगने के लिए दस्तक दे रहे थे और 3 जनवरी को ग्रामीण अंचल के साथ-साथ कांकेर शहर की महिलाएं एवं बच्चे टोली बनाकर घरों में तथा दुकानों में जाकर छेरछेरा मांग रहे थे। जवाहर वार्ड पार्षद चित्ररेखा जैन महिलाओं की टीम के साथ नृत्य करते हुए छेरछेरा मांगी।

### भालुओं की आमद से तारसगांव में दहशत



**कांकेर।** विकासखण्ड चारामा अंतर्गत ग्राम तारसगांव में दिन दहाड़े दो भालू दिखाई देने से ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ है। मौके पर मौजूद लोगो ने भालू को देखकर उसकी तस्वीर कैमरे में कैद करने के लिए जुट गए। देखते ही देखते लोगो का भीड़ इकठठा हो गया। भालू के आसपास मवेशी होने के कारण ग्रामीणों ने मवेशी की सुरक्षा के लिए बचाने का भी प्रयास किया। बार बार भालू के रहवासी इलाके में आने से ग्रामीण भयभीत रहते है व परेशान है।

### युवक ने लगाई फांसी कारण अज्ञात

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत सरोना नर्सरी के पीछे बड़ेपारा मुड़पार निवासी 22 वर्षीय होतेकांत पटेल ने 3 जनवरी को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। राजकुमार पटेल पिता उमराव पटेल ने पुलिस शेष पेज 10 पर

# साहू समाज की पहल पर एक परिवार मूलधर्म में लौटा, सनातन की यात्रा को मिला संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

ग्रामीण साहू समाज भोथा परिक्षेत्र साहू समाज पुरी के संयुक्त तत्वावधान में भोथा में हिन्दू सनातन धर्म में घर वापसी का एक ऐतिहासिक, भावनात्मक और प्रेरणादायक कार्यक्रम गरिमामयी वातावरण में हुआ। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और सनातन परंपराओं के पुनर्जागरण का सशक्त उदाहरण भी प्रस्तुत करता नजर आया। आयोजित घर वापसी कार्यक्रम में जिला साहू समाज के अध्यक्ष बंशीलाल साहू के मुख्य आतिथ्यि, गुलाब साहू विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। इसके अलावा जिला कोषाध्यक्ष सीके साहू, उपाध्यक्ष दिनेश्वर साहू, तहसील साहू समाज के ऑडिटर होमन हिरवानी, परिक्षेत्र अध्यक्ष गोपाल साहू सहित ग्राम भोथा के वरिष्ठ सियानजनों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्त्व प्रदान किया। इस अवसर पर ग्राम भोथा निवासी घनश्याम साहू सपत्नीक ने पूरे विधि-विधान एवं सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ अपने मूल सनातन हिन्दू धर्म में घर वापसी की। यह क्षण उपस्थित जनसमूह के लिए अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण रहा। कार्यक्रम का संचालन उत्तम साहू द्वारा सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली ढंग से किया गया। अंत में उपस्थित जनसमूह ने साहू समाज की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजहित में अनुकरणीय बताया। यह आयोजन निश्चित रूप से सनातन संस्कृति की मजबूती और सामाजिक एकता का संदेश देता है।

## ग्रामीण साहू समाज की पहल से सनातन मूल्यों की सशक्त पुनर्स्थापना

### श्रीफल व शाल भेंट की

जिला अध्यक्ष बंशीलाल साहू द्वारा वापसी किए गए परिवार के मुखिया घनश्याम साहू का चरण धोकर स्वागत किया गया तथा श्रीफल एवं साल भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज के अन्य पदाधिकारियों एवं ग्राम के सियानजनों ने भी आत्मीय स्वागत करते हुए शुभाशीर्वाद प्रदान किया। साहू समाज द्वारा की गई यह पहल सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और सांस्कृतिक जागरूकता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### भारत की आत्मा है सनातन धर्म

आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म भारत की आत्मा है, जिसमें सत्य, अहिंसा, सेवा, समरसता और संस्कार की भावना निहित है। समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

## मेला : राजमहल में आंगा देव की पूजा के बाद शहर का भ्रमण कर पहुँचे मेलाभाटा

# रियासतकालीन कांकेर मेले का शुभारंभ आंगादेव की शोभायात्रा में उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

■ मेलाभाटा में देव स्तंभ की पूजा कर आंगा देवता की डेढ़ परिक्रमा के बाद शुरू हुआ मेला

रियासितकालीन पारंपरिक कांकेर मेले का शुभारंभ 4 जनवरी को पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुआ, जिसमें क्षेत्र के सभी देवी देवता के मिलन समारोह में सम्मलित हुए और सदियों से चली आ रही परंपरा के तहत मेले में विधि विधान से पूजा पाठ किया गया। मेला के पहले दिन ही जनसैलाब उमड़ पड़ा और शहर के मुख्य मार्ग में भीड़ ही नजर आई।

चार दिनों तक चलने वाले कांकेर मेले के पहले दिन कांकेर क्षेत्र के आंगा देव 12 बजे से अपने अपने मंदिरो से निकलकर शहर भ्रमण करते हुए राजमहल पहुचें जहां राज परिवार के सदस्य तथा राज परिवार के पुरोहित व अन्य सदस्यों ने आंगा देव की पूजा किया और सभी देवी देवता राजमहल से मेला स्थल की ओर प्रस्थान किए जिस अवसर पर शहर में देवी देवताओं को फूल मालाओ से जगह जगह स्वागत किया गया। कांकेर थाना परिसर में सभी देवी देवताओ को फूल माला से स्वागत कर आर्शीवाद लिया, जहां से सभी देवी देवता मेला स्थल में स्थित देव स्तंभ वाली जगह पहुचें। देव स्तंभ वाली जगह में सभी देवी देवता एकत्र होनें के बाद पूजा पाठ हुआ जिसके कुछ ही समय के पश्चात मेला वाली जगह का भ्रमण कर वापस सभी देवी देवता अपने अपने मंदिरो के लिए प्रस्थान किया।



इस दौरान भी देवी देवताओ को मोहल्लों में पैर धोकर आर्शीवाद लिया। नए साल के शुरूआत में प्रारंभ होने वाली आसपास क्षेत्र और जिला मुख्यालय का सबसे बडा मेला और रविवार से प्रारंभ होने के कारण मेला का पहला ही दिन काफी भीड़ नजर आई। कांकेर मेला का स्थल में जगह कम होने के कारण लोगो को दिक्कते का सामना भी करना पड रहा शेष पेज 10 पर

### राजमहल पहुंचे सभी देवी-देवता

राजपरिवार के सदस्य ने बताया कि मेला एक पारम्परिक त्यौहार है। मेला मंडई कांकेर आगमन से चालू होता है, जो कि मेले मनाने का मुख्य कारण गांव के लोग शहर के लोग सुख और समर्पित रहे। किसी प्रकार से उनकों परेशानी न हो। मेला से पहले सभी देवी देवता राजमहल में आकर राजमाता से भेंट किए, जिसके बाद सभी देवी देवता मेला में पहुंचते है। मेला में सर्वप्रथम देव स्तंभ की पूजा कर डेढ़ बार घूमते है, जिसके बाद मेला चालू होता है।

### मेले में झूले का आकर्षक



नए कम्युनिटी हाल के पीछे मैदान में झूला लगाया गया और कांकेर मेले में झूला ही आकर्षक का केन्द्र बने हुए है। आकर्षक झूला के आलावा मेला वाली जगह में लगा ब्रेकडांस भी आकर्षक का केन्द्र बना हुआ है। सुरक्षा की दृष्टि से मेला के चारों ओर जगह जगह पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल व यातायात का बल भी तैनात किया गया है। पुलिस के जवान लगातार चौक चौराहों पर तैनात नजर आएं।

# चारामा ट्रैफिक सिग्नल पर हाईवा की ठोकर से खड़ी कार क्षतिग्रस्त व सवार युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के चारामा क्षेत्र में हाईवा ट्रक के चालक ने लापरवाही बरतते हुए ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ी कार को पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार में बैठे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।



जानकारी के अनुसार चारामा थाना में शिकायत करने पहुँचे सिंगारभाट निवासी 25 वर्षीय सागर देवनाथ ने पुलिस को बताया कि मैं इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी शोरूम का संचालक हूँ और मैं 3 जनवरी को दोपहर करीब ढाई बजे अपनी कार क्रमांक सीजी 19 बीयू 3629 में रायपुर शो रूम के काम से जा रहे थे। कार में उनके बगल में डिकेश कश्यप बैठे थे। कोरर चौक चारामा के पास रेड सिग्नल पर कार रुक गई, तभी पीछे से पीला रंग के हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 07 बीई 9960 ने तेज गति और लापरवाही से उनकी कार के पीछे बांया साइड में टक्कर मार दिया। इस टक्कर के बाद सागर की कार ने आगे खड़ी डस्टर कार क्रमांक सीजी 09 जेबी 6400 को टक्कर मार दिया। इस हादसे में डिकेश कश्यप के बांये हाथ में चोट आई है, जबकि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सागर देवनाथ ने बताया कि टक्कर से उनका व्यवसायिक वाहन भी गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। घटना की खबर चारामा पुलिस को दिया गया। चारामा पुलिस मौके पर पहुँचकर वाहनों को थाना लेकर आई। शिकायतकर्ता की शिकायत पर चारामा पुलिस ने हाईवा वाहन चालक लुकेश्वर प्रसाद यादव ग्राम कुम्हली जामगांव, जिला दुर्ग के खिलाफ धारा 125 (ए) 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायल व्यक्ति को आवश्यक चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई गई है।

चारमा नगरवासियों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाईवा और भारी वाहन अक्सर तेज गति और लापरवाही से चलते हैं, जिससे आम जनता की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रोड सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन को सख्ती से लागू करने की मांग किया है।

# भंडारीपारा में दबिश, नकदी व छह जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भंडारीपारा चौक पर पुलिस ने 3 जनवरी की रात छापेमारी कर जुआ खेलते हुए 6 जुआरियों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगद 3,740 रुपए और ताश की 52 पत्तियां जब्त की हैं। कांकेर थाना की पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि भंडारीपारा चौक के पास कुछ लोग ताश के पत्तों के जरिए जुआ खेल रहे हैं और पैसों का दांव लगा रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर की जानकारी की पुष्टि करने के उपरांत कार्यवाही करने के लिए 3 जनवरी की आधी रात को भंडारीपारा गौरा चौक के पास पहुंची। पुलिस की मौजूदगी देख कुछ जुआरी मौके से भागने में सफल रहे, लेकिन 6 जुआरी सभी भंडारीपारा निवासी 40 वर्षीय सुखचंद पटेल पिता स्व. लखमुराम, 32 वर्षीय गोपी पटेल पिता सुखचंद पटेल, 28 वर्षीय कौशल यादव पिता जीवराखन यादव, 36 वर्षीय अजय साहू पिता गणेश साहू, 25 वर्षीय राहुल ठाकुर पिता करण ठाकुर और 40 वर्षीय गिरधारी प्रधान पिता स्व. रामप्रसाद को दबोचा। जुआरियों के कब्जे से क्रमशः 630, 540, 620, 500, 640 और 750 रुपए कुल 3,740 रुपए नगद और ताश की 52 पत्तियां जब्त की गई। पुलिस ने मौके पर ताश और नगद को अपने कब्जे में लिया। कांकेर पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है। पुलिस ने यह भी चेतावनी दी है कि जुआ जैसे अवैध कृत्यों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और भविष्य में भी किसी भी तरह की शर्तों में पुलिस द्वारा सख्ती बरती जाएगी।








# सड़क हादसे में घायल ने इलाज के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी

**कांकेर।** चिचगांव निवासी विजय उसारे और उनकी बेटी निर्जला उसारे गंभीर सड़क हादसे का शिकार सवा माह पहले हो गए थे। जिला अस्पताल में इलाज के बाद डिस्चार्ज होने के उपरांत आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुँचे विजय उसारे ने पुलिस को बताया कि 22 नवंबर को अपनी बेटी को मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीई 2931 पर सवार कर घर लौट रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे लाल रंग के महिन्द्रा युवो ट्रेक्टर ने लापरवाहीपूर्वक तेजी से वाहन चलाते हुए दरपट्टीपारा कराठी के पास ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मैं और बेटी दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए और दोनों को तत्काल शासकीय जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया। गंभीर चोटों के चलते 11 दिसंबर तक शासकीय कोमलदेव हास्पीटल में उपचाराधीन रहे। उन्होंने बताया कि अस्पताल में भर्ती होने और गंभीर चोटों के कारण उन्होंने तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दिया है।




# बालिकाओं को मिला आत्मरक्षा का पाठ, पुलिस ने किया जागरूक

**कांकेर।** रजत जयंती वर्ष के अवसर पर बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर पुलिस विभाग द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। इसी कड़ी में जिले के ग्राम पंचायत लारगांव, मरकाटोला में महिला जन-जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं को आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और पुलिस की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजित कार्यक्रम एसपी निखिल राखेचा, एएसपी आईपीएस आकाश एवं योगेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन रजत जयंती महिला सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान के तहत किया गया, जिसकी निगरानी नोडल अधिकारी प्रतिभा लहरे द्वारा किया गया। अभियान के दौरान रक्षा टीम द्वारा एनएसएस कैंप, ग्राम पंचायत लारगांव, मरकाटोला में बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस, पुलिस की कार्यप्रणाली तथा साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। उप पुलिस अधीक्षक ने स्वयं उपस्थित रहकर बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय की महिला सेल से शारदा यादव ने बालिकाओं को महिलाओं से संबंधित अपराधों, पीड़ितों को मिलने वाली क्षतिपूर्ति एवं परामर्श केंद्रों की जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए अभिव्यक्ति ऐप की उपयोगिता बताई गई। इस दौरान 07 महिलाओं के मोबाइल शेष पेज 10 पर

## बासनवाही पंचायत के छापरपारा में सोलर टंकी और पंप तो लगे पर पाइप नहीं बिछी

# जल जीवन मिशन बना जल विहीन मिशन, ग्रामीण बूंद-बूंद को तरसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा हर घर नल से जल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना बासनवाही ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम छापरपारा में मजाक बनकर रह गई है। सोलर टंकी और पंप तो लगा दिए गए, लेकिन पाइपलाइन के बिना यह योजना आज एक साल बाद भी सिर्फ शोपीस बनकर खड़ी है। नतीजतन करीब 500 स्कूली बच्चों समेत पूरा मोहल्ला पीने के पानी के लिए संघर्ष कर रहा है। जानकारी के अनुसार छापरपारा के हाई स्कूल चौक में सोलर टंकी और पंप लगाने का कार्य एक वर्ष पहले पूरा कर लिया गया था। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि जल्द ही घर-घर पानी पहुंचेगा, लेकिन पाइपलाइन बिछाने का काम आज तक शुरू नहीं हुआ। पाइपलाइन के बिना जल आपूर्ति असंभव है, इसके बावजूद संबंधित विभाग ने योजना को कागजों में पूर्ण दर्शा दिया।

इससे सरकारी धन की बर्बादी और लापरवाही साफ झलकती है। इस अधूरी व्यवस्था का सबसे ज्यादा असर छापरपारा हाई स्कूल के लगभग 500 छात्र-छात्राओं पर पड़ रहा है। स्कूल में नियमित पानी न होने से स्वच्छता, स्वास्थ्य और पढ़ाई प्रभावित हो रही है। भीषण गर्मी में हालात और भी खराब हो जाते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या से आंखें मूंदे बैठे हैं।



### शिकायतें बेअसर, अधिकारी बेपरवाह

ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार पीएचई विभाग के अधिकारियों को शिकायत की, लेकिन न तो किसी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी एसी कमरों में बैठकर योजनाओं की सफलता के आंकड़े गढ़ रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

### ग्रामीणों का सवाल लापरवाही या धोखा

ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब पाइपलाइन बिछानी ही नहीं थी, तो सोलर टंकी और पंप लगाने का दिखावा क्यों किया गया। बिना जल वितरण व्यवस्था के योजना को पूर्ण बताना न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि जनता के साथ सीधा धोखा भी है। उन्होंने ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग की है।

### आंदोलन की चेतावनी

जल संकट से त्रस्त ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र पाइपलाइन बिछाकर जल आपूर्ति शुरू नहीं की गई, तो वे ब्लॉक कार्यालय से लेकर जिला मुख्यालय तक उग्र आंदोलन करेंगे। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी जागेंगे या जल जीवन मिशन यूं ही कागजों में दम तोड़ता रहेगा?

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।
समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।
नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

## खबर संक्षेप



### विस्थापन के विरोध में धरना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पहुंचे

**जगदलपुर।** बस्तर ब्लाक के भानपुरी क्षेत्र के ग्राम खड़गा में 3 से अधिक गांव के ग्रामीणों के विस्थापन पर धरना दिया गया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व विधायक चंदन कश्यप सहित अन्य कांग्रेसी शामिल रहे। बताया गया कि सरकार बिना ग्रामीणों की सहमति के चिड़ियाघर बनाने का प्रोजेक्ट ला रही है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ का गठन, कार्यकारिणी घोषित



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघकी जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें पदाधिकारियों का चयन किया गया। संरक्षक जगदीश सिंह बामल, मदनलाल, लखनलाल, शिवशंकर उईके, उपसंरक्षक शाही, डीआर कारेकर, केआर राजे, उपाध्यक्ष डी.पी. जांगड़े, उपाध्यक्ष, सरोजनी खत्री, उपाध्यक्ष महिला अनंत महतो, सचिव आरएस सूर्यवंशी, सहसचिव आनंद भदौरिया, संयोजक योगेश वर्मा, सहसंयोजक कृष्ण महतो, प्रवक्ता एच कुकड़े रहे। पेंशनधारी कल्याण संघ के समारोह में कृष्ण महतो, योगेश वर्मा, जेआर ध्रुव, गणेश राम साहू, बीआर चौहान उपस्थित थे। 10 जनवरी को मासिक बैठक होगी।

# हेमचंद के परिवार को पीएम आवास योजना से मिला पक्का घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हर परिवार को सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थायी आवास उपलब्ध कराने के विजन के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना जमीनी स्तर पर आम नागरिकों की ज़िंदगी बदल रही है। नगर पंचायत फरसगांव, जिला कोंडागांव के वार्ड क्रमांक 4 निवासी हेमचंद नाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपने पिता तिरकू राम नाग को पक्का मकान बनवाकर सुरक्षित भविष्य का उपहार दिया।

हेमचंद नाग ने बताया कि पूर्व में उनका मकान बांस और मिट्टी से निर्मित था, जो बरसात के मौसम में बार–बार क्षतिग्रस्त हो जाता था। कमजोर दीवारों के कारण पिता, पत्नी और दो बच्चों की सुरक्षा हमेशा खतरे में रहती थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रभावी क्रियान्वयन के तहत हेमचंद नाग को वार्ड स्तर पर योजना की जानकारी मिली। नगर पंचायत और संबंधित अधिकारियों की सक्रिय भूमिका से उन्हें योजना का लाभ मिला।

## हर परिवार को सुरक्षित आवास देने का संकल्प

### 3.05 लाख की लागत से बना पक्का मकान

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 29 वर्गमीटर क्षेत्रफल का पक्का मकान 3.05 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ, जिससे परिवार को स्थायी सुरक्षा और सम्मान मिला। गृह प्रवेश के अवसर पर हेमचंद नाग ने अपने पिता के हाथों विधिवत पूजा करवाई और भावनाओं के साथ पक्का मकान उन्हें समर्पित किया। नया घर देखकर पिता भावुक हो उठे।



### मुख्यमंत्री के विज़न पर जताया आभार

हेमचंद नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विज़न केवल योजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं है, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास पहुँचाना है। उन्होंने पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पंचायत के समस्त कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।



## मंत्री कश्यप करेंगे अबूझमाड़ में विकास की ऐतिहासिक शुरुआत

# गढ़बेंगाल से ओरछा तक 63 किमी सड़क का भूमिपूजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

छत्तीसगढ़ के सबसे दुर्गम और चुनौतीपूर्ण वनांचल अबूझमाड़ को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। गढ़बेंगाल–धौड़ाई–छोटेडोंगर–ओरछा मार्ग (63 किलोमीटर) की बहुप्रतीक्षित सड़क परियोजना का भूमिपूजन आज छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन एवं सहकारिता मंत्री तथा नारायणपुर विधायक केदार कश्यप के करकमलों से ग्राम छोटेडोंगर में संपन्न होगा।

यह सड़क परियोजना केदार कश्यप के निरंतर प्रयास, दृढ़ संकल्प और जनभावनाओं के प्रति प्रतिबद्ध नेतृत्व का परिणाम मानी जा रही है। वर्षों से दुर्गमता के कारण उपेक्षित रहे अबूझमाड़ क्षेत्र के लिए यह परियोजना विकास की नई सुबह लेकर आई है।करीब 188 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क का निर्माण तीन चरणों में किया जाएगा। इसके पूर्ण होने से गढ़बेंगाल, धौड़ाई, छोटेडोंगर, ओरछा सहित दर्जनों ग्रामों के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। यह मार्ग न केवल दूरी को कम करेगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक जीवन में भी व्यापक परिवर्तन लाएगा। मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में इस सड़क परियोजना से प्रशासनिक, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा व्यवस्थाओं को नई मजबूती मिलेगी।आपातकालीन सेवाओं की त्वरित पहुँच संभव होगी, वहीं विद्यार्थियों, मरीजों और आम नागरिकों को जिला व विकासखंड मुख्यालय तक पहुँचने में अब सुविधा मिलेगी। यह सड़क अबूझमाड़ के लिए सेवा, सुरक्षा और सुशासन की मजबूत कड़ी बनेगी।



### अबूझमाड़ के भविष्य का मजबूत आधार

*अबूझमाड़, जो कभी दुर्गमता के कारण विकास से दूर रहा, आज राज्य एवं केंद्र की भाजपा सरकार तथा मंत्री केदार कश्यप के समर्पित प्रयासों से तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। गढ़बेंगाल से ओरछा तक बनने वाली यह सड़क केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि विश्वास, विकास और परिवर्तन का प्रतीक है। यह सड़क आने वाले वर्षों में अबूझमाड़ के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक स्वरूप को नई दिशा देगी।*

### संघर्ष से सफलता तक, केदार कश्यप का जनआंदोलन

इस सड़क के भूमिपूजन को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत छोटेडोंगर की सरपंच श्रीमती संध्या पवार ने कहा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय इस सड़क को लगातार नज़रअंदाज़ किया गया। उस दौर में वर्तमान विधायक एवं मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में हमने कई बार आंदोलन, धरना और प्रदर्शन किए। श्री कश्यप ने सदैव अबूझमाड़ की आवाज़ को मजबूती से उठाया। आज उन्हीं के नेतृत्व में इस सड़क का शिलान्यास होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और संतोष का विषय है।

### पर्यटन, रोजगार और अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

केदार कश्यप की पहल से यह सड़क परियोजना अबूझमाड़ को पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाएगी। क्षेत्र के जलप्रपात, घने जंगल, सुरम्य घाटियाँ और विशिष्ट आदिवासी संस्कृति अब बाहरी दुनिया से बेहतर रूप में जुड़ सकेंगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और क्षेत्र की स्थानीय अर्थव्यवस्था को स्थायी गति प्राप्त होगी।

# रोज बढ़ रहे सरिया के दाम, पंद्रह दिन में आठ हजार रूपए प्रतिटन की वृद्धि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

सरिया के दाम में अप्रत्याशित उछाल आया है। महज 15 दिन में इसके दाम 15 प्रतिशत से अधिक बढ़ गए हैं जबकि सीमेंट के दाम यथावत हैं। बताया जा रहा है कि राजस्व आय बढ़ाने के चक्कर में शासन सरिया के दाम से नियंत्रण हटा लिया है।

शहर के सरिया विक्रेताओं से मिली जानकारी के अनुसार पखवाड़े भर पहले सरिया की कीमत 4700 रूपये प्रति क्विंटल थी। शुक्रवार की स्थिति में अब इसके दाम 5500 रुपए क्विंटल हो गए हैं। सरिया विक्रेता अमृत साहू बताते हैं कि सरिया के दाम हर रोज बढ़ रहे हैं। लगभग हर रोज 500 रुपए टन वृद्धि होने से 15 दिन में 8000 रुपए प्रति टन इसके भाव बढ़ गए हैं। उन्होंने बताया कि हालत ऐसी है कि बाजार खुलने से पहले ही मैसेज आ जाता है कि आज सरिया के दाम इतने रूपए बढ़ गए हैं। इससे ग्राहकों में नाराजगी देखी जा रही है। जबकि सीमेंट के दाम यथावत 260 रुपये बोरी हैं।

### आवास निर्माण हुआ महंगा

पीएम आवास योजना के तहत जिले में हजारों मकान तैयार हो रहे हैं। अचानक सरिया के दाम में उछाल आने से आवास निर्माण का बजट बढ़ गया है। आवास निर्माण में जुटे श्रीमती दुर्गा साहेब, हेमंत साहू बताते हैं कि स्लेब ढलाई के लिए उन्हें छड़ खरीदना है। पहले 47-48 सौ रूपये में छड़ खरीदा था। अब 55 रुपये हो गया है। शासन से आवास की किस्त नहीं मिली है। कर्ज लेकर मकान बना रहे हैं। अचानक भाव बढ़ने से उनके आवास निर्माण का बजट बढ़ गया है। हालात यही रहे तो उन्हें आवास निर्माण का काम रोकना पड़ेगा।

# गुंडाधुर कालेज के छात्र अंतर विश्वविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हैदराबाद रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- हिमांश उसेंडी व राजेश कुमार का दक्षिण–पूर्वी जोन टीम में चयन

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के होनहार छात्र हिमांश उसेंडी एवं राजेश कुमार का चयन दक्षिण–पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता के लिए किया गया है। दोनों खिलाड़ी शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर की फुटबॉल पुरुष टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। हिमांश एवं राजेश का चयन 2 से 4 दिसंबर 2025 को विश्वनाथ यादव तामस्कर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ। प्रतियोगिता में उत्तर एवं दक्षिण बस्तर सेक्टर के प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय टीम के लिए किया गया। दक्षिण–पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 11 जनवरी तक वोक्सेन यूनिवर्सिटी, शिवापेट हैदराबाद में किया जाएगा। प्रतियोगिता में दक्षिण–पूर्वी जोन के लगभग 65 विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता से पूर्व चयनित खिलाड़ियों के लिए शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिससे खिलाड़ी बेहतर तैयारी के साथ मैदान में उतर सकें।



### नियमित अभ्यास का मिला सकारात्मक परिणाम

महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच. आर. यदु ने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के कुशल मार्गदर्शन में जुलाई माह से ही उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विभिन्न खेलों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसी निरंतर अभ्यास का परिणाम है कि छात्र राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हिमांश एवं राजेश के चयन पर महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी–कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# कम्प्यूटर ऑपरेटर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

जनपद पंचायत कुरुद की पेंशन शाखा में पदस्थ एक कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा फांसी लगाकर खुदखुशी कर लेने से हड़कंप मच गया है। उक्त कर्मचारी ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, अब तक पता नहीं चल पाया है। वहीं पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।



मिली जानकारी अनुसार कुरुद थाना अंतर्गत ग्राम बकली निवासी वीरेंद्र कुमार साहू पिता शिवराम उम्र 40 वर्ष ने शुक्रवार की दोपहर अपने घर के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक जनपद पंचायत कुरुद में समाज कल्याण विभाग की पेंशन शाखा में बतौर कम्प्यूटर ऑपरेटर कार्यरत था। परिजनों के अनुसार शुक्रवार को भी वह रोज की तरह सुबह नहा धोकर पूजा पाठ करने के बाद ड्यूटी जाने की तैयारी में था लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि वह ड्यूटी न जाकर फांसी के फंदे पर झूल गया।

जनपद कर्मचारियों के अनुसार मृतक मिलनसार व्यक्तित्व का था। जनपद पहुंचने वाले फरियादियों के अलावा सभी से मधुर व्यवहार रखते थे। उन्होंने कभी किसी से काम के दबाव में रहने या कोई पारिवारिक कलह होने का जिक्र नहीं किया था। उन्होंने ऐसा कदम क्यों उठाया, सबको बड़ी सोच में डाल दिया है। यह खबर सुनकर सभी गहरे शोक में हैं। कुरुद पुलिस ने मर्ग कायम, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# तमनार की घटना की जिम्मेदार है सरकार: फूलोदेवी नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- महिला पुलिसकर्मियों से घटना की कड़ी निंदा
- कानून व्यवस्था को बताया आईसीयू में

तमनार घटना पर महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा कि महिला टीआई और महिला आरक्षक के साथ जो घटना घटित हुआ वह निंदनीय है। रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में गारे पेलमा सेक्टर-1 में जिंदल स्टील को ओपन कास्ट कोल माइंस आवंटित की गई है। इसके लिए 8 दिसंबर को जनसुनवाई आयोजित की गई थी, लेकिन क्षेत्र के ग्रामीण, आदिवासी और स्थानीय निवासी शुरू से ही इस खदान का विरोध कर रहे हैं। प्रभावित 14 गांवों के लोग अपनी पुश्तैनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि कोयला उत्खनन से खेती-बाड़ी, जंगल और पर्यावरण पूरी तरह तबाह हो जाएंगे। तभी से वहां के ग्रामीण और आदिवासी सरकार से वार्तालाप करके समाधान चाहती थी लेकिन सरकार में बैठे जिम्मेदार एक भी व्यक्ति या प्रशासन की ओर से एक भी अधिकारी आंदोलनकारियों से भेंट मुलाकात कर समाधान के लिए प्रयत्न नहीं किये, जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्रदेश में लगातार अराजकता का माहौल निर्मित हो रहा है। कानून व्यवस्था आईसीयू में है। आंदोलनकारी पर जो लाठी चलाई गई वह भी दुखद है, महिला पुलिस कर्मियों के ऊपर जो हृदय विदारक घटना घटित हुआ वह भी दुखद है। प्रदेश में ऐसा माहौल कभी देखने को नहीं मिला था।

### वर्तमान सरकार पर साधा निशाना

महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के डबल इंजन की सरकार में जनता लगातार आक्रोशित क्यों हो रहे है, और आक्रामक रूप से कानून को अपने हाथ में लेने को क्यों मजबूर हो रहे हैं? आज प्रदेश की स्थिति चिंताजनक हो गई है। माहौल तनावपूर्ण होता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने कसम खा रखी है कि यह जल, जंगल, जमीन सिर्फ पूंजीपतियों के लिए है, यदि इस पर कोई भी मुखरता से अपनी बात रखते हैं या आंदोलन करते है तो आंदोलनकारी से सरकार बिना संवाद के लाठी, डंडा बरसाया जा रहा है। डराया जा रहा है, धमकाया जा रहा है, यहां तक की बड़ी गाड़ियों से आंदोलनकारी को कुचल करके करने कभी षड्यंत्र कर रहे हैं जिनके परिणाम है आंदोलनकारियों में से एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, उसके भी जिम्मेदार भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में महिला टीआई महिला आरक्षक सुरक्षित नहीं है तो सामान्य महिला सुरक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती।



## फाइनल मुकाबले में माकड़ी को 7 विकेट से दी शिकस्त

# खुड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब पिटीसपाल 11 के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- बारह दिवसीय पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट का भव्य समापन

विकासखण्ड माकड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत बागबेड़ा के आश्रित ग्राम खुड़ी में आयोजित 12 दिवसीय पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार 3 जनवरी को खेला गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की लगभग 32 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों के साथ राष्ट्रगान, पूजा–अर्चना एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की गई। ग्रामीण अंचल में लगातार हो रहे खेल आयोजनों से युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और प्रतिस्पर्धा चरम पर दिखाई दी। फाइनल मुकाबले में पिटीसपाल 11 के कप्तान मानकु नेताम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। माकड़ी की टीम निर्धारित 7 ओवरों में 73 रन ही बना सकी। पिटीसपाल के गेंदबाजों ने सटीक लाइन–लेंथ के साथ शानदार प्रदर्शन किया।




### पावरप्ले में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी 5.3 ओवर में लक्ष्य हासिल

*73 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पिटीसपाल 11 की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 5.3 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और प्रतियोगिता की विजेता बनी। विजेता टीम पिटीसपाल 11 को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 15 हजार नकद एवं चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई। जबकि उपविजेता माकड़ी टीम को 7,000 नकद एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण सरपंच एवं पंचों के हाथों किया गया।*

### खेल आयोजनों से युवाओं को मिलता है मंच : सरपंच

मुख्य अतिथि सरपंच रजलाल मरकाम ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि गांव–गांव में हो रहे ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं में खेल भावना विकसित होती है और उनकी प्रतिभा को मंच मिलता है। उन्होंने दोनों टीमों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम में सरपंच रजलाल मरकाम, जनपद सदस्य रामलाल नेताम, उपसरपंच कुंवरसिंह नेताम, वार्ड पंच देवलाल मरकाम, ग्राम पटेल दशरथ मरकाम, पुजारी मोतीराम नेताम, वरिष्ठ नागरिक घसिया राम नेताम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### क्रिकेट समिति व खेल प्रेमियों का रहा सहयोग

क्रिकेट समिति अध्यक्ष प्रसाद बघेल, उपाध्यक्ष घसिया राम शोरी, सचिव मेंघनाथ मंडावी, कोषाध्यक्ष लोकेश मरकाम सहित समिति के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाया। कमेंट्री की जिम्मेदारी डां. सोपसिंह मरकाम उलेरा ने निभाई। बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# एथलेटिक्स, तीरंदाजी व मल्लखम्भ का आयोजन किया जाएगा शहर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने राज्य को खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2025-26 की मेजबानी का दायित्व सौंपा है। यह आयोजन देशभर की जनजातीय प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें एक सशक्त राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

बस्तर जिला प्रशासन और खेल विभाग के लिए खुशी का विषय है, जहां पूरे प्रदेश में खेलों का माहौल बनेगा, वहीं शहर को एथलेटिक्स और तीरंदाजी जैसी प्रमुख स्पधार्ओं के साथ-साथ डेमो स्पोट्र्स के रूप में मल्लखम्भ की मेजबानी का जिम्मा भी मिला है। बस्तर एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहां के युवाओं में नैसर्गिक खेल प्रतिभा विद्यमान है। यहां के युवाओं ने हाल ही में संपन्न हुए बस्तर ओलंपिक 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था और अब यह राष्ट्रीय आयोजन उन्हें अपनी क्षमता सिद्ध करने का एक और बड़ा मौका देगा। इस खेल महाकुंभ में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम को चुनने के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है, जो 6 जनवरी से 8 जनवरी 2026 तक रायपुर और बिलासपुर के विभिन्न खेल मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे।

चयन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अलग-अलग खेलों के लिए स्थान और तिथियां निर्धारित की गई हैं। बिलासपुर के बहतराई स्थित स्वर्गीय बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में 7 जनवरी को प्रातः 9 बजे से तीरंदाजी और एथलेटिक्स के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जबकि इसी दिन बिलासपुर के सरकंडा स्थित तैराकी परिसर में तैराकी के ट्रायल होंगे।

## पेज 9 के शेष

### युवक ने लगाई...

को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते नर्सरी में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### रियासतकालीन कांकेर...

है। गांधी उद्यान से लेकर कन्या शाला तक मेला के लिए दुकाने सजी हुई है। कलेक्टोरेट मार्ग पर भी दुकानें सजी है, उसके बाद कई लोगो को दुकान लगाने की जगह नही मिल पा रही थी।

### बालिकाओं को मिला...

फोन में अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराया गया तथा आपात स्थिति में इसके उपयोग के तरीकों से अवगत कराया गया। यह अभियान बालिकाओं को न केवल आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास की भावना को भी सशक्त करने वाला रहा।

## खबर संक्षेप

### अमलीडीह में मड़ई आज

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में ग्रामवासियों के सहयोग से 5 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में मोर गंवई के फूल ग्राम परसाही बोरी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी बृजलाल साहू ने दी है।

### भुरसीडोंगरी में मड़ई आज

**नगरी।** ग्राम भुरसीडोंगरी में बीस वर्ष के बाद फिर से ग्रामवासियों के सहयोग से लोक पारंपरिक व देव मड़ई का आयोजन 5 जनवरी सोमवार को रखा गया है। रात्रि में मंनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी साल्लेटोला चारामा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी लीलाम्बर नागवंशी सरपंच ने दी।

### राजपुर में मड़ई मेला आज, रात्रि में रंगझरोखा

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से 5 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा मरोदा दुर्ग की प्रस्तुति होगी। तैयारी में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव गुहलेद कंवर, कोषाध्यक्ष मनराखन निषाद जुटे हैं।

### भूपेश बघेल माफी मांगे नहीं तो प्रदेशभर में होगा आंदोलन : सोनी

**धमतरी।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा के बस्तर प्रभारी हेमराज सोनी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता भूपेश बघेल के बयान पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव साहू समाज के गौरव हैं, पर अनर्गल और अमर्यादित टिप्पणी कर भूपेश बघेल ने न केवल एक जनप्रिय जनप्रतिनिधि का अपमान किया है, बल्कि पूरे पिछड़े वर्ग विशेषकर साहू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। श्री सोनी ने कहा कि भाजपा सरकार के आने के बाद गांव-गांव और नगर-नगर में हो रहे विकास को कांग्रेस नेता बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इसी कुंठा के चलते इस तरह की घृणित मानसिकता का परिचय दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भूपेश बघेल सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो भाजपा पिछड़ा मोर्चा पूरे प्रदेश में काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन करेगा।

### 9 पद के लिए 9 नामांकन पत्र मिले, निर्विरोध निर्वाचन तय

**धमतरी।** शासकीय कर्मचारी साख सहकारी समिति धमतरी के संचालक मंडल निर्वाचन हेतु नामांकन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। निर्वाचन अधिकारी सीपी साहू ने बताया कि 2 जनवरी को संस्था कार्यालय बांसपारा में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त किए गए। संचालक मंडल के कुल 9 पद के लिए 9 नामांकन पत्र ही प्राप्त हुए।

## निधन

### रीखा देवी पाणिग्राही



**जगदलपुर।** 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के संस्थापक अध्यक्ष व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष स्व. मोहन प्रसाद पाणिग्राही की पत्नी रीखा देवी पाणिग्राही का निधन 3 जनवरी की रात्रि 1 बजे करीब हो गया है,उनकी अंतिम यात्रा रविवार को प्रातः 10.30 बजे निवास स्थान कुम्हारपारा से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के सदस्य व लोग शामिल हुए।

### गजाला शमीम

**जगदलपुर।** आकाशवाणी केंद्र के सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी शाहिद हुसैन की धर्मपत्नी गजाला शमीम का मध्य रात्रि में हार्ट अटैक से निधन हो गया। रात 11 बजे तक पति एवं बच्चों के साथ बातचीत करती रही। सोने के बाद लगभग 12 बजे रात में अटैक का दौरा पड़ने पर महारानी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने हार्ट अटैक से मौत होना बताया। वह कांग्रेस के युवा नेता शहजाद हुसैन की माता थी। छोटा पुत्र कतर में है जहां से आने पर कल 5 जनवरी की शाम कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा। अंतिम यात्रा महात्मा गांधी स्कूल के पीछे स्थित निवास से निकलेगी। मृतिका पति, 2 पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

# बिना गुरु के मानव जीवन सार्थक नहीं हो सकता : चैतराम

## 11 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नव वर्ष के अवसर पर विहंगम योग संत समाज द्वारा गीदम नगर स्थित सत्संग हॉल में 11 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामों से आए सदगुरुदेव भगवान के भक्त-शिष्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक चैतराम अटामी ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात श्रद्धालु भक्त-शिष्यों ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं विश्व कल्याण के लिए सदगुरुदेव भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित गुरु भाई-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि विहंगम योग संत समाज ऋषि परंपराओं एवं महापुरुषों के मार्ग पर चलते हुए क्षेत्र में धर्म एवं संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहा है। उन्होंने कहा कि संत समाज द्वारा धर्म परिवर्तन जैसी विसंगतियों एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। विधायक गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिना गुरु के मानव जीवन सार्थक नहीं हो सकता। इस



अवसर पर उन्होंने ग्राम आन्दा करका में संत समाज के लिए एक सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा भी की। कार्यक्रम में नगर पंचायत गीदम के पार्षद मनकू राम लेकामी, बालसिंग ठाकुर, चैत राम कड़ती, सुदराम, रामचंद्र, रुपधर दिलीप कश्यप, सुखराम नाग सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। साथ ही सह-संयोजक मनीराम मोरामी, छबिलाल कोर्राम, विष्णु भास्कर, सुरति नेताम, सुखराम वेट्टी, महेश पदम तथा मातृ शक्ति प्रभारी गीता मौर्य, लक्ष्मी, मीटकी, उपदेश्टा बसंती लेकामी, सुशीला गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गुरु भाई-बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सदगुरु प्रभु के अनन्य शरण शिष्य अंतु राम एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारा संत समाज को एक हारमोनियम वाद्य यंत्र भेंट किया। कार्यक्रम का समापन यज्ञ प्रार्थना, गुरु-शिष्य प्रार्थना, आरती, शांति पाठ एवं जयघोष के साथ किया गया। कार्यक्रम संयोजक एल पी गुप्ता ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आभार प्रकट किया। अंत में सभी गुरु भाई-बहनों ने महाप्रसाद ग्रहण कर अपने-अपने घरों की ओर प्रस्थान किया।

## 24 टीमें ले रही हिस्सा, रोजाना होंगे तीन मुकाबले

# विधायक अटामी ने चौका लगाकर किया जेएसआर ट्रॉफी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में क्रिकेट प्रेमियों के लिए उत्साह और रोमांच लेकर जेएसआर (जय श्री राम) ट्रॉफी 2026 का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। दो वर्षों के अंतराल के बाद पुनः आयोजित हो रहे इस प्रतिष्ठित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक चैतराम अटामी ने चौका लगाकर किया। इस अवसर पर हाई स्कूल ग्राउंड तालियों की गड़गड़ाहट और खेल भावना से गूंज उठा।

टूर्नामेंट के आयोजक डीवायएससी क्लब है। आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट में कुल 24 टीमें भाग ले रही हैं तथा प्रतिदिन तीन मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 10 जनवरी को आयोजित होगा। विजेता टीम को 51 हजार रुपये नगद पुरस्कार और ट्रॉफी विधायक एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रदान किया जाएगा, जबकि उपविजेता को 25 हजार रुपये नगद और आकर्षक ट्रॉफी दी जाएगी। ग्रामीण खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से इस बार 11 हजार रुपये का तृतीय पुरस्कार भी रखा गया है।



मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी ने सर्वप्रथम बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने दोनों टीमों के बीच टॉस कराया और स्वयं बल्लेबाजी करते हुए चौका जड़कर टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारंभ किया।

टूर्नामेंट का पहला मैच मौलवाड़ा और आवराभाटा के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आवराभाटा की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 110 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मौलवाड़ा की टीम ने मात्र 9 ओवरों में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। मौलवाड़ा के बल्लेबाज दिनेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार छक्के जड़े तथा गेंदबाजी में दो विकेट भी झटके। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दिन का दूसरा मुकाबला गीदम और नकुलनार के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नकुलनार की टीम 10 ओवरों में मात्र 85 रन ही बना सकी। जवाब में गीदम की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सात ओवरों में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया। गीदम के गेंदबाज रामचंद्र ने घातक गेंदबाजी करते हुए नकुलनार के शुरुआती तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। उन्हें मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी टीआई धनंजय सिंह द्वारा प्रदान की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर, डीआईजी कमलोचन कश्यप, पार्षद पंकज शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार यशवंत यादव एवं पंकज भदौरिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी और खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

# संत रामपाल के सानिध्य में सत्संग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रविवार को संत रामपाल महाराज के सानिध्य में सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। सत्संग के दौरान महाराज ने वेदों एवं पवित्र शास्त्रों से प्रमाण प्रस्तुत करते हुए मोक्ष प्राप्ति के मार्ग को सरल एवं तार्किक रूप से समझाया।

- **वेद-शास्त्रों से प्रमाणित ज्ञान और मोक्ष मार्ग का संदेश**

अपने प्रवचनों में उन्होंने बताया कि शास्त्र-सम्मत भक्ति, सदाचार और तत्वज्ञान के माध्यम से ही मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण होता है। उन्होंने अंधविश्वास व आडंबर से दूर रहकर प्रमाणिक आध्यात्मिक ज्ञान अपनाने का संदेश दिया, जिससे व्यक्ति आत्मिक उन्नति के साथ सामाजिक जीवन में भी संतुलन स्थापित कर सके। सत्संग में उन्होंने समाज सुधार अभियानों पर भी प्रकाश डाला गया। नशामुक्ति, दहेज प्रथा उन्मूलन, स्त्री सम्मान, शिक्षा के प्रसार के साथ अन्नपूर्णा मुहिम की सराहना की गई। अन्नपूर्णा मुहिम के अंतर्गत जरूरतमंद एवं असहाय परिवारों को निःशुल्क भोजन व राशन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे प्रतिदिन हजारों लोगों को राहत मिल रही है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में दुष्यंत साहू, सनत दास, गनपत सेठिया, जगदीश दास, जयपाल सेठिया, दिनेश सिंह नाग, सोनाधर, रामचंद्र नाग, गरुण मौर्य, मीडिया प्रभारी चितेश्वर सेठिया सहित सर्व संगत का विशेष योगदान रहा। सेवादारों ने अनुशासन, सेवा भाव और समर्पण के साथ सेवाएं प्रदान कीं।

# बाइक जागरूकता रैली से सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला पुलिस की यातायात शाखा द्वारा 36वें यातायात जागरूकता माह का उद्घाटन गरिमामय वातावरण में किया गया। शुभारम्भ भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में घासीराम नाग (बीजेपी जिलाध्यक्ष), माया झाड़ी (महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष), भुवन चौहान (नगरपालिका उपाध्यक्ष), जागर लक्ष्मैया (पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन अमन झा (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आईपीएस) द्वारा किया गया। इस अवसर पर विनीत कुमार साहू (यातायात नोडल अधिकारी), सुदीप सरकार (उप पुलिस अधीक्षक, नक्सल ऑप्स), शरद जायसवाल (मुख्यालय डीएसपी),जिला परिवहन अधिकारी किशन लाल माहौर, केशव ठाकुर (यातायात प्रभारी) सहित 15वीं बटालियन सशस्त्र बल के जवान, डीआरजी के जवान, पत्रकारगण, जनप्रतिनिधि, सामान्य नागरिक तथा यातायात शाखा के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

- **सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट उपयोग, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन का दिया संदेश**



घासीराम नाग ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे छोटे-छोटे उपाय अनमोल जीवन की रक्षा करते हैं। आईपीएस अमन झा ने अपने संदेश में कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए पुलिस और नागरिकों की साझेदारी आवश्यक है। जागरूकता ही दुर्घटनाओं में कमी लाने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

वहीं यातायात नोडल अधिकारी विनीत कुमार साहू ने बताया कि यातायात जागरूकता माह के दौरान जिलेभर में रैली, शिविर, विद्यालयीन कार्यक्रम और जन-जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जाएँगी, ताकि सुरक्षित यातायात की संस्कृति विकसित हो सके।

उद्घाटन के पश्चात नगर में हेलमेट पहनकर बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट उपयोग, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा "सुरक्षित यातायात-सुरक्षित जीवन" का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा।



# अपने अतीत को याद कर भावुक हुए 2003 में पास आऊट विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

केन्द्रीय विद्यालय में दो दिवसीय पुनर्मिलन का कार्यक्रम दक्षिण बस्तर जिला के बड़े बचेली नगर पंचायत अंतर्गत स्थित केन्द्रीय विद्यालय के प्रांगड में आयोजित किया गया। वर्ष 2003 में पास आऊट पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने अतीत के पल को अपने-अपने स्तर पर बड़े ही रोचक ढंग से याद कर काफी भावुक हुए।

- **केंद्रीय विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्रोंओं का मिलन समारोह**

इस पुनर्मिलन कार्यक्रम के आयोजन की मुख्य भूमिका में पुनर्मिलन ग्रुप के कॉडिनेटर्स कमेटी के सदस्य वीरेन्द्र कुमार पाठक, के. श्रीनिवास, ए.वी.एस.के. शर्मा, मनोज अधिकारी, एवं सुश्री हरप्रीत ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुनर्मिलन कार्यक्रम में शामिल अन्य सदस्यों आकाश कुमार मंडल, बसंत वर्मा, हरीश बघेल, नरेश कोमरे, मुरली कृष्णा, नरोत्तम उंद्रा, सुरेश बैरागी, शांतनु राय, एम. श्रीनिवास, समीर पात्रे, तिलक मंडावी, एवं महिलाओं में पल्लवी, लीला, बिंदा, स्फूर्ति, रूमा, दानिश, पूजा ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर सराहनीय भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि प्राचार्य शेर सिंह राजपूत थे। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व शिक्षक गौतम राय, बीडी पटेल, एसपी श्रीवास्तरी एवं संजू राय को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मंचासीन सदस्यों ने बारी-बारी से पूर्व छात्र-छात्राओं के प्रति अपने-अपने विचार रखे और इसके बाद 2003 बैच के सभी सदस्यों ने मंचासीन सदस्यों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं ने स्कूल भ्रमण कर अपने बिताये हुए अनमोल पलों को याद करते हुए काफी भावुक हो गए। सभी सदस्यों द्वारा मां दन्तेश्वरी मांई का दर्शन कर मां से आशीर्वाद लिया गया और सभी के परिवार में सुख-शांति, समृद्धि की माता रानी से कामना की गई।

## युवा संवाद कार्यक्रम लौहनगरी में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष का स्वागत

# युवाओं से योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राहुल असरानी के प्रथम प्रवास पर युवा संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत लौहनगरी में युवा मोर्चा ने उनका स्वागत किया। बस स्टैंड चौक में उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। घड़ी चौक स्थित सांसद कार्यालय परिसर में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात नव नियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत उपरांत मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती द्वारा स्वागत उदबोधन तथा नए दायित्व प्राप्त होने पर बधाई दिया गया। युवा संवाद कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, आगामी रणनीति एवं बूथ स्तर तक कार्य विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

असरानी ने कहा कि युवाओं का नेतृत्व करने का अवसर उनके लिए गर्व के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि बचेली की धरती संघर्ष, मेहनत और संगठनात्मक शक्ति की प्रतीक रही है। यहां के कार्यकर्ताओं का उत्साह यह दर्शाता है कि आने वाले समय में युवा मोर्चा जिले में नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन का लक्ष्य केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं, बल्कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की रीढ़ बताते हुए उन्होंने युवाओं से घर-घर जाकर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।



साथ ही युवाओं से सामाजिक, शैक्षणिक एवं रोजगार से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर ने युवाओं को भाजपा की विचारधारा का संवाहक बताते हुए संगठन विस्तार पर जोर दिया। ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम सोनी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष पीसे वेट्टी ने कहा कि जनजातीय समाज की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन और अधिक सशक्त बनेगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम भी उपस्थित थे ।उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए बताया की वे भी पूर्व में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष थे तथा वर्तमान में जिला पंचायत उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए हैं । इसका मतलब ये हैं की भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमे एक छोटा कार्यकर्त्ता भी कभी भी किसी बड़े पद पर पहुंच सकता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम सोनी, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष पीसे वेट्टी एवं एसटी मोर्चा जिला महामंत्री सोमडू कोर्राम, बचेली मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती, दंतेवाडा मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, नगरपालिका उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदनी, मंडल महामंत्री सुदीप्ता मंडल, झिल्की नाग, कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल, पार्षद धनसिंग नाग, श्याम लाल सेठिया, अर्जुन भास्कर, मनोज सिंह, दिव्यो दुर्गा, अनुसुइया भोपले, अरुणा टंडन, विक्रम अग्रवाल, कुक्कू, नरेश, अर्नब, करण, शिप्रा, रागिनी सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कांकेर मेला के चलते बसों के बदला रूट

**कांकेर।** यातायात विभाग ने कांकेर शहर में मेला सज जाने के चलते 6 जनवरी तक बसों के रूट चार्ट को बदल दिया गया है। यातायात प्रभारी दीपक साव के अनुसार जगदलपुर से रायपुर की ओर जाने वाली बस कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर से ज्ञानी चौक, बरदेभाटा चौक, पंडरीपानी चौक, सेन चौक, ऊपर नीचे रोड, घड़ी चौक होते हुए रायपुर जाएगी। इसके अलावा रायपुर से जगदलपुर जाने वाली बस माकड़ी, गोविंदपुर, घड़ी चौक, ऊपर नीचे रोड, सेन चौक, पंडरीपानी चौक, बरदेभाटा चौक, ज्ञानी चौक, कृषि विज्ञान केंद्र होते हुए जगदलपुर की ओर निकलेगी। इसके अतिरिक्त भानुप्रतापपुर, पखांजूर, नरहरपुर से आने वाली सभी बस और अन्य कोई भी बस इसी रूट से आना-जाना करेंगी।

### शराब सेवन करते पकड़ाया आरोपी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत सार्वजनित स्थल पर शराब पीने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरंगपाल निवासी तामेश्वर देवांगन 3 जनवरी को कार सेलुन के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### अंग्रेजी शराब बेचते पकड़ाया ग्रामीण

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बांसला निवासी झन्नुराम कोरेटी के कब्जे से पुलिस ने अंग्रेजी शराब को जप्त कर कार्यवाही किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी झन्नुराम कोरेटी 3 जनवरी को अंग्रेजी शराब बीयर का अवैध रूप से बिक्री करते हुए पाया गया। वही 4 जनवरी को आरोपी नयापारा भानुप्रतापपुर निवासी 45 वर्षीय रूपराम मेड़िया पिता सोनसाय मेड़िया के कब्जे से पानी बॉटल में भरी हुई 8 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 1 हजार 200 रूपएं को जप्त किया गया। दोनो आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### दावा निपटान पर बैठक आयोजित होगी आज

**जगदलपुर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं विशेषकर हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों को सहायता प्रदान करने जैसे टक्कर मार कर भागना, मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 के अंतर्गत प्राप्त दावा प्रकरणों की समीक्षा और स्वीकृति के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक 5 जनवरी को आयोजित की जाएगी। बैठक कलेक्टोरेट में शाम 5 बजे शुरू होगी।

# शाकंभरी जयंती पर पटेल समाज को सामुदायिक भवन की मिली सौगात

## शाकंभरी माता त्याग, सेवा व जनकल्याण की प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत कोसरिया पटेल समाज द्वारा भव्य रूप से शाकांभरी जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक एकता और सेवा भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि शाकांभरी माता त्याग, सेवा और जनकल्याण की प्रतीक हैं, उनके आदर्शों पर चलकर समाज को संगठित रहना चाहिए और सामाजिक स्तर पर रचनात्मक एवं सकारात्मक कार्य करते रहना चाहिए। जब समाज एकजुट होकर कार्य करता है, तो न केवल सामाजिक विकास होता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी उज्ज्वल बनता है। विधायक ने कोसरिया पटेल समाज को बड़ी सौगात देते हुए अपने विधायक निधि से 5 लाख रुपएं की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। सामुदायिक भवन के लोकार्पण से समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

विधायक ने कहा कि यह भवन सामाजिक बैठकों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं समाज के सामूहिक आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और समाज को एक मजबूत मंच प्रदान करेगा। समाज के लोगों से आपसी भाईचारे, सहयोग और संस्कारों को बनाए रखने की अपील की। साथ ही समाज के युवाओं से शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का आग्रह किया।



### योजनाओं की दी जानकारी

विधायक ने समाज के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शकुंतला नरेटी, गोपी बढ़ाई, आनंद तेता, देवेंद्र टेकाम, सविता उइके, हुमन मरकाम व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## समाज : कोसरिया मरार पटेल समाज कोयलीबेड़ा ने किया समारोह का आयोजन

# एकता और शिक्षा की ताकत से ही समाज की होगी तरक्की : विधायक विक्रम उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोयलीबेड़ा




कोसरिया मरार पटेल समाज कोयलीबेड़ा द्वारा आयोजित दो दिवसीय सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन 3 एवं 4 जनवरी को स्थानीय सामाजिक भवन कोयलीबेड़ा में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की एकता, सामाजिक जागरूकता एवं आपसी समन्वय को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में क्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन 4 जनवरी रविवार को समापन समारोह का आयोजन दोपहर 2 बजे किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष अंतर राम पटेल ने की। विशेष अतिथि के रूप में समाज प्रमुख पुसऊराम पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कोयलीबेड़ा लच्छूराम गावड़े, जनपद सदस्यगण, सरपंच, उपसरपंच एवं जनप्रतिनिधि रहे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि समापन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकजुटता होती है। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित रहता है, तभी वह सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से आगे बढ़ सकता है। समाज के लोग यदि आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहें, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। उन्होने कहा कि युवाओं से शिक्षा को अपना मुख्य लक्ष्य बनाने और नशा, आपसी विवाद जैसी बुराइयों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज का भविष्य युवाओं के हाथों में है और संगठित, शिक्षित युवा ही समाज को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों से मार्गदर्शन देने तथा संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। अंत में विधायक उसेंडी ने कहा कि वे समाज के हर सकारात्मक कार्य में सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और समाज की एकता ही उसकी निरंतर प्रगति का आधार है। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के सामाजिक आयोजनों को समाज के लिए आवश्यक बताया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं सामाजिक दायित्वों से परिचित कराते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ 3 जनवरी 2026, शनिवार को प्रातः 10 बजे हुआ था। शुभारंभ समारोह के अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शुभारंभ सत्र में समाज के वरिष्ठजनों ने सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन की मजबूती एवं युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है, जब सभी लोग आपसी मतभेद भुलाकर संगठित होकर कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न पदाधिकारियों का परिचय कराया गया तथा संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समिति कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

# कोदापाखा संकुल के शिक्षकों के ड्रेस कोड की विधायक ने की सराहना



हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के संकुल केंद्र कोदापाखा में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के लिए लागू ड्रेस कोड इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। विगत दो वर्षों से संकुल स्तर पर यह ड्रेस कोड लागू किया गया है, जिसका सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं पूरी निष्ठा से पालन कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप संकुल में एकरूपता, अनुशासन और सकारात्मक वातावरण स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने संकुल के ड्रेस कोड की भूरी-भूरी प्रशंसा की। शिक्षक और शिक्षिकाएं बच्चों के दर्पण होते हैं। बच्चे अपने शिक्षकों को देखकर ही अनुशासन, एकरूपता और सादगी जैसे गुण सीखते हैं। जब शिक्षक एक समान व निर्धारित ड्रेस कोड में रहते हैं, तो बच्चों में भी अनुशासन और समानता की भावना स्वतः विकसित होती है। कोदापाखा संकुल द्वारा अपनाया गया यह ड्रेस कोड अन्य संकुलों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा। शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि आचरण, व्यवहार और प्रस्तुति से भी बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण होता है। शिक्षक यदि स्वयं अनुशासित जीवनशैली अपनाते हैं, तो उसका प्रभाव सीधे विद्यार्थियों पर पड़ता है। विधायक ने ड्रेस कोड से प्रभावित होकर इसकी तस्वीरें साझा करने की इच्छा भी जाहिर की, ताकि अन्य क्षेत्रों में भी इस नवाचार का प्रचार-प्रसार हो सके। संवेदनशील क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा से सेवा दे रहे हैं, जो प्रशंसनीय है। संकुल का यह प्रयास निश्चित रूप से शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

## शोकाकुल परिवार से की विधायक ने मुलाकात



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल निवासी सेवा निवृत्त प्रधान पाठक श्यामलाल दुग्गा की धर्मपत्नी स्व. कुंती दुग्गा के आकस्मिक निधन के पश्चात 4 जनवरी को शोक संवेदना व्यक्त करने भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्य नागरिक उनके निवास स्थान पहुंचे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, उपाध्यक्ष आनंद तेता, जनपद सदस्य एवं सभापति सविता उइके, विधायक प्रतिनिधि हुमन मरकाम, कृषि सभापति सुलोचना कोरोटी के प्रतिनिधि सोमदेव कोरोटी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना की विवेचना के बाद बाइक चालक पर मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर



आठ माह पहले अंतागढ़ थानांतर्गत हुए सड़क हादसे के मर्ग की जाँच करने के दौरान पुलिस को बयान एवं सबूत के आधार पर पता चला कि बाइक चालक के कारण ही महिला की मौत हुई थी, पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार 25 अप्रैल 2025 को थाना अंतागढ़ अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे में 59 वर्षीय बसोबाई उइके की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार बसोबाई अपने पुत्र सनेश उइके के साथ मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 10 बीएफ 9283 पर ग्राम अंतागढ़ से छिंदभाट लौट रही थीं। हादसा ग्राम हिन्दुबिनापाल एवं एटेबाल्का के बीच मरघट के पास दिन के लगभग डेढ़ बजे हुआ। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि सनेश उइके ने मोटरसाइकिल तेज गति और लापरवाहीपूर्वक चलाने के कारण नियंत्रण खो दिया। मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क में गिर गई, जिससे पीछे बैठी बसोबाई गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल 108 आपातकालीन सेवा और परिवार की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उच्च स्तर के इलाज के लिए कोमलदेव जिला अस्पताल कांकेर रिफर किया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान बसोबाई उइके की उसी दिन शाम 6 बजकर 40 मिनट पर मृत्यु हो गई। शासकीय डॉक्टर प्रीति पैकरा द्वारा पीएम किया गया, जिसमें मृत्यु का कारण मोटरसाइकिल एक्सीडेंट में सिर पर लगी चोटें बताया गया।

पुलिस ने मर्ग क्रमांक 17/2025 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर सनेश उइके को आरोपी के रूप में चिन्हित किया। जांच के दौरान पंचनामा बनाकर मृतका का शव और दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। मृतिका के परिजन और अन्य गवाहों के बयान भी दर्ज किए गए। इसके उपरांत बाइक चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

# 1992 बीएससी पासआउट बैच का हैदराबाद में हुआ रियूनियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर



### रियूनियन में शामिल प्रमुख सदस्य

राजेश लालवानी बैंगलोर, सुषमा नेताम जगदलपुर, प्राची शुक्ला रायपुर, आराधना श्रीवास्तव रायपुर, भोजराम साहू रायपुर, गुलाबचंद सोन कांकेर, चरण सिंह ठाकुर कांकेर, सरिता भास्कर कांकेर, यशवंत जैन कांकेर, राजकुमार राठौर कांकेर, सोमेश शर्मा कांकेर, तुकाराम ध्रुव धमतरी, निशा शुक्ला हैदराबाद सभी सदस्य अपने परिवार सहित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

बीएससी 1992 बैच का चौथा रीयूनियन हैदराबाद में हर्षोल्लासपूर्ण एवं भावनात्मक माहौल में हुआ। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों एवं शहरों में कार्यरत बैच के पूर्व छात्र अपने परिवार सहित सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के आरम्भ में रियूनियन के दिवंगत साथियों, प्राध्यापको एवं ब्रम्हलीन हुए पारिवारिक सदस्यों के लिए दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा को याद किया एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

तीन दिवसीय इस रीयूनियन के दौरान सभी सदस्यों ने हैदराबाद के प्रमुख ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक स्थलों सालार जंग संग्रहालय, एनटीआर स्मारक, हुसैन सागर झील, चारमीनार, रामोजी फिल्म सिटी, गोलकुंडा किला का सामूहिक भ्रमण किया। सभी सदस्यों ने इन स्थलों से जुड़े ऐतिहासिक महत्व एवं स्थापत्य कला के संरक्षण की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किया। सांस्कृतिक संध्या में बस्तर की परंपरा की झलक रात्रिकालीन सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीआरडीओ के एसोसिएट डायरेक्टर वेंकट, विशिष्ट अतिथि व्यवसायी एवं राजनीतिज्ञ पूरनचंद, किरण कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक, कोरल टेक्नोलॉजी, रवि तेजा वरिष्ठ अभियंता, कोरल टेक्नोलॉजी, याज्ञवल्क्य सोन सूचना प्रौद्योगिकी विश्लेषक, एनपीसीआई, हैदराबाद उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान रीयूनियन सदस्यों ने बस्तर की पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में लोकगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक प्रस्तुति ने उपस्थितजनों को बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति की झलक कराई, जिसकी अतिथियों द्वारा सराहना की गई।

## चारामा में कांग्रेस नेताओं का आज स्वागत, अहम मुद्दों पर होगी चर्चा

**चारामा।** जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के अध्यक्ष बसंत यादव, जिला महिला कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष मिथिलेश्वरी शोरी, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजू दुबे, जिला युवा कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष महेंद्र नायक एवं एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष समीर बंछोर का मनोनयन उपरांत चारामा नगर में प्रथम आगमन 05 जनवरी को होने जा रहा है। उनके आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस के सभी नवनियुक्त पदाधकारी एक साथ 05 जनवरी को सुबह 11 बजे चारामा पहुंचेंगे, जहां रेस्ट हाउस में उनका स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर साढ़े 12 बजे कोरर चौक स्थित सामुदायिक भवन शेड में स्वागत सभा होगी। इस सभा में क्षेत्र से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चर्चा की जाएगी। विशेष रूप से धान खरीदी में व्याप्त अव्यवस्था एवं धान उठाव की समस्याओं पर चर्चा कर संबंधित विषयों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के नाम परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। स्वागत सभा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर सहित जिले एवं ब्लॉक के अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहेंगे।

# बाल क्रीड़ा स्पर्धा के विजेताओं को विधायक ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम सिंहारी में आयोजित अंतर संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समापन समारोह के दौरान विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार है। खेल से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है, साथ ही उनमें अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है और खेल इस दिशा में सबसे प्रभावी माध्यम है। ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों को आपस में मिलने, मेल-मिलाप बढ़ाने और सामाजिक संबंध मजबूत करने का अवसर मिलता है। खेल प्रतियोगिताएं बच्चों को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करती हैं, जहां से वे गांव, तहसील, जिला, प्रदेश और देश स्तर तक अपनी पहचान बना सकते हैं। खिलाड़ियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने की सलाह दी।कार्यक्रम में सोमदेव कोरेटी, घनश्याम ठाकुर, नंदू खरे, रजलाल आंचला, सोमजी दुग्गा, जगत दुग्गा, फुलेश्वरी नेताम, दीपक कल्लो, बिदेसिंह कल्लो, मनोज दुग्गा, श्यामलाल जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




